# 70 हजार करोड़ रेवेन्यू सरप्लस वाला राज्य बना यूपी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएजी की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश 2023 में 37 हजार करोड़ रुपये के राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) वाला राज्य था और वर्तमान में यह बढ़कर 70 हजार करोड़ रुपये हो गया है। जिस यूपी के व्यापार को दंगों की आग में बर्बाद किया गया। आज वही यूपी फिर से भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।



शनिवार को राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे सौभाग्यशाली देश है, जहां कुल भौगोलिक क्षेत्र का 60 फीसदी हिस्सा कृषि और मानव सभ्यता के लिए उपयुक्त है। उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि रूस, चीन, अमेरिका जैसे बड़े देशों में केवल 20 फीसदी भूमि ही खेती और बसावट के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त मौर्य के समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 40 फीसदी थी, जो 11वीं सदी तक 30 फीसदी और 17वीं सदी तक 25 फीसदी रह गई। ब्रिटिश शासक भारत की 320 खरब डॉलर की संपत्ति लूटकर ले गए। आज हम फिर से उभर रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ब्यूरो